QP CODE: S9019

Enrollment number : ....

Name : ....

BA DEGREE EXAMINATION,AUGUST 2023

Second Semester

BA Hindi Language and Literature

B21HD02DC - हिंदी साहित्य का इतिहास 1942 तक

2022 ADMISSIONS

Time: 3 Hours **Max Marks: 70**

Section A

किन्हीं दस (10) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में दें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होता है।

1. आधुनिक हिंदी साहित्य का दूसरा चरण किस युग के नाम से जाना जाता है ?
2. हरिऔध का पूरा नाम क्या है ?
3. खड़ीबोली में रचित पहला महाकाव्य कौन-सा है ?
4. प्रकति के सुकुमार कवि कौन हैं ?
5. महादेवी वर्मा को किस काव्य-रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?
6. 'नवीन' उपनाम से विख्यात कवि कौन है ?
7. 'परीक्षागुरु' किसका उपन्यास है ?
8. प्रेमचंद की कहानियाँ किस नाम से संग्रहीत की गई हैं ?
9. 'शेखर : एक जीवनी' किस विधा की रचना है ?
10. प्रेमचंद के अंतिम और अपूर्ण उपन्यास का नाम लिखिए।
11. भारतेन्दु के अनुसार हिंदी का पहला नाटक कौन-सा है ?
12. 'एकांकी' को अंग्रेज़ी में क्या कहते हैं ?
13. नेशनल थियेटर की स्थापना कहाँ हुई ?
14. 'चिंतामणि' किसका निबन्ध संग्रह है ?
15. अमृतराय द्वारा रचित प्रेमचंद की जीवनी का शीर्षक क्या है ?

(1x10=10)

Section B

किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर दो या दो से अधिक शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होता है।

16. भारतेन्दु युग के प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखिए।
17. छायावाद के प्रमुख कवि कौन कौन हैं ?
18. महादेवी वर्मा की गद्य रचनाओं के नाम लिखिए।
19. प्रसाद की काव्य-रचनाओं के नाम लिखिए।

20. द्विवेदी युग के प्रमुख निबंधकार कौन कौन हैं ?
21. प्रेमचंद के समकालीन उपन्यासकार कौन कौन हैं ?
22. प्रेमचंद के किन्हीं चार उपन्यासों के नाम लिखिए।
23. 'अंधेर नगरी' किसका नाटक है ? इसका प्रथम मंचन कहाँ हुआ?
24. आचार्य हज़ारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध संग्रहों के नाम लिखिए।
25. रिपोर्ताज किसे कहते हैं ?

(2x5=10)

Section C

किन्हीं छः (6) प्रश्न के उत्तर एक पृष्ठ के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का होता है।

26. द्विवेदी युग के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।
27. मैथिलीशरण गुप्त के प्रबन्ध काव्यों पर विचार कीजिए।
28. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की काव्य-रचनाओं पर प्रकाश डालिए।
29. प्रगतिवादी कवियों की रचनाओं का परिचय दीजिए।
30. फोर्ट विलियम कॉलेज पर टिप्पणी लिखिए।
31. हिंदी उपन्यास के विकास में भारतेन्दु युगीन उपन्यासकारों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।
32. हिंदी उपन्यास साहित्य में प्रेमचंद का स्थान निर्धारित कीजिए।
33. हिंदी एकांकी की विकास यात्रा समझाइए।
34. रेखाचित्र की विशेषताएँ व्यक्त कीजिए।
35. द्विवेदी युग की काव्य-प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
36. कामायनी पर टिप्पणी लिखिए।
37. भारतेन्दु की रचनाओं का परिचय दीजिए।

(5x6=30)

Section D

किन्हीं दो (2) प्रश्न के उत्तर दो पृष्ठों के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होता है।

38. भारतेन्दु युगीन कविताओं की प्रमुख प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए।
39. प्रगतिवाद की प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।
40. हिंदी उपन्यास की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए।
41. हिंदी के प्रमुख निबन्धकारों का परिचय दीजिए।

(10x2=20)